तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर
अपील संख्या– 28/2018 अंतर्गत धारा–76 एल.आर.एक्ट
(GCMS No.- 2018/00026)

अनवानः

1. रामस्वरूप पुत्र मोहनलाल जाति राठी निवासी जस्सुसर गेट के अन्दर बीकानेर तहसील व जिला बीकानेर।

Ram Swarup Rathi

बनाम

1. गणेशमल पुत्र सूरजमल जाति बोथरा निवासी बोथरा चौक बीकानेर।
2. मांगीलाल पुत्र सोहनलाल जाति बिश्नोई निवासी गली नं. 01 रामपुरा बस्ती बीकानेर।
3. स्टेट जरिये तहसीलदार बीकानेर।

12.9.2023

आज यह पत्रावली अपीलांट श्री रामस्वरूप पुत्र मोहनलाल द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। अपीलांट ने हमारे समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलांट एवं रेस्पोडेन्ट्स के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा हो गया है। अपीलांट अब अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहता हैं एवं अपील विड्रो करना चाहता है।

हमने अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया। यह अपील न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बीकानेर के आदेश दिनांक 02.02.2018 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रो करना चाहते हैं। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड मय आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(उर्मिला राजोरिया)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर